अखिल बिस्व यह मोर उपाया । सब पर मोहि बराबरि दाया ।।
सब मम प्रिय सब मम उपजाए । सब ते अधिक मनुज मोहि भाए ।।
सांध्य दैनिक
| Ram Katha 940 - मानस वसुधैवकुटुम्बकम || New Yark(UNO) अमेरिका || *मोरारी बापू

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 27 | इंदौर, बुधवार 07 अगस्त, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## बाल आयोग ने एडीएम को बताया मदरसे का प्रवक्ता

### क्लीनचिट देने पर कहा- इन्हें ट्रेनिंग की जरूरत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम। दारुल उलूम आयशा सिद्दीका तिलबिनात मदरसे में लड़कियों के कमरे में कैमरे और उन्हें स्कूल नहीं भेजने पर राष्ट्रीय बाल आयोग ने सख्ती बरती है। आयोग के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो ने मदरसे को क्लीन चिट देने पर एडीएम डॉ. शालिनी श्रीवास्तव को मदरसे का प्रवक्ता बताया। कानूनगो ने ट्वीट कर एडीएम को बाल अधिकारों पर ट्रेनिंग देने को कहा है।**

कानूनगो के ट्वीट के बाद मंगलवार दोपहर कलेक्टर राजेश बाथम, जिला पंचायत सीईओ श्रृंगार श्रीवास्तव, शिक्षा और महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी मदरसे पहुंचे। लड़कियों से बातचीत की। खाचरोद रोड पर चलने वाले इस मदरसे में 47 बच्चियों का कक्षा 2 से 7वीं में एडमिशन कराकर उन्हें बुक्स दीं। मदरसे की जमीन के दस्तावेज भी देखे।

1 अगस्त को मध्यप्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य डॉ. निवेदिता शर्मा ने मदरसे की जांच की थी। तब उन्हें लड़कियों के कमरों में सीसीटीवी कैमरे लगे मिले थे। मदरसे को मध्यप्रदेश मदरसा बोर्ड की मान्यता भी नहीं है। 100 लड़कियों में से 40 ही स्कूल जाती मिली थीं। शर्मा ने अधिकारियों को सीसीटीवी कैमरों की डीवीआर जब्त करने के आदेश दिए थे। इसके बाद 4 अगस्त को एडीएम डॉ. शालिनी श्रीवास्तव मदरसे पहुंची थीं। उन्होंने बताया था कि बाल आयोग से उन्हें रिपोर्ट नहीं मिली है। उन्होंने यह भी कहा था कि बाल आयोग की टीम की जांच के बाद मदरसे से कैमरे हटा लिए गए हैं।

### कानूनगो बोले- प्रशासन असंवेदनशील, नोटिस भेज रहे

प्रियंक कानूनगो ने बातचीत में कहा, ह्यप्रशासन की असंवेदनशीलता है। साफ लापरवाही नजर आ रही है। रतलाम कलेक्टर को नोटिस भेजा जा रहा है।ह्न इस मामले में बाल आयोग सदस्य ने कैमरे की रिकॉर्डिंग की डीवीआर जब्त करने के मौखिक निर्देश तत्काल दे दिए थे। डीवीआर जब्त की जानकारी प्रशासन से आना बाकी है। आयोग द्वारा नोटिस जारी किया जाना बाकी है।

### कलेक्टर बोले- रिपोर्ट का इंतजार कर रहे

कलेक्टर राजेश बाथम ने बताया बाल आयोग की सदस्या आई थीं। अभी उनकी निरीक्षण रिपोर्ट नहीं मिली है। शहर के कुछ मदरसों में खामियां पाई हैं। नोटिस दिया जा रहा है। बाल आयोग की रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं। दूसरी क्लास में 8, तीसरी में 7, चौथी में 16, पांचवी में 1, छठी में 11 और 7वीं में 4 मदरसे की लड़कियों का स्कूल में एडमिशन कराया है।

# स्वाइन फ्लू की दस्तक

## 24 में से 11 नमूने पॉजिटिव पाए गए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

जबलपुर। मानसून के बीच दूषित पानी से शहर व आसपास के कई इलाकों में डायरिया के मरीज सामने आए थे, अब स्वाइन फ्लू ने भी अपनी दस्तक दे दी है। स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार मेडिकल अस्पताल की बायोलॉजी लैब में टेस्ट के लिए भेजे गए 24 नमूनों में से 11 पॉजिटिव पाए गए है, वहीं अभी 9 नमूनों का टेस्ट होना शेष है।

### मेडिकल कॉलेज में एक आइसोलेशन वार्ड बनाया

इस बीच स्वाइन फ्लू के प्रकोप को बढ़ता देख मेडिकल कॉलेज में एक आइसोलेशन वार्ड भी बनाया गया है। साथ ही शहर के निजी अस्पताल भी इस तरह की सुविधा मरीज व उनके स्वजन को दे रहे हैं। इस बीच मुख्य चिकित्सा अधिकारी संजय मिश्रा के अनुसार निजी अस्पतालों की लैब में किए गए टेस्ट को शासकीय स्तर पर मान्य नहीं किया जाता है।

### गले में तकलीफ के साथ सांस लेना मुश्किल

सीएमएचओ डॉ संजय मिश्रा ने बताया कि एच1एन1 वायरस के जरिए होने वाले स्वाइन फ्लू में भी कोरोना के जैसे ही सावधानी बरतने की आवश्यकता है। सर्दी-खांसी के साथ इस बीमारी का मुख्य लक्षण यह होता है कि गले में तकलीफ के साथ सांस लेना काफी मुश्किल हो जाता है। इसमें मरीज को आइसोलेशन में रखने की जरूरत पड़ती है।




### आम बुखार की तरह ही लक्षण

ऐसा माना जाता है कि स्वाइन फ्लू के लक्षण संक्रमण के संपर्क में आने के चार दिन के भीतर दिखाई देने लगते हैं। इस बीमारी में आम बुखार की तरह ही लक्षण होते हैं, लेकिन यह वयस्कों की तुलना में बच्चों में अधिक पाया गया है। स्वाइन फ्लू के लक्षण दिखाई पड़ने पर तुरंत ही डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।

**निजी अस्पतालों की लैब के टेस्ट सरकारी स्तर पर मान्य नहीं हैं। हालांकि स्वाइन फ्लू बीमारी में भी कोरोना संक्रमण जैसी सतर्कता बरतना जरूरी है।**

**- डॉ संजय मिश्रा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी**

# एमपी में उद्योग लगाने आसानी से मिलेगी अनुमतियां कलेक्ट्रेट में बनेगा प्रकोष्ठ, सीएम का आश्वासन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल**। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उद्योगों के लिए अनुमतियां शीघ्र प्रदान करने की जिम्मेदारी कलेक्टर की होगी। व्यापार और व्यवसाय के विकास के लिए सुविधाओं का विस्तार निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि बेंगलुरु में प्रमुख उद्योगपतियों के साथ प्रदेश में निवेश प्रोत्साहन के लिए 7 और 8 अगस्त को इंटरेक्टिव सेशन होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगलवार को देवास में लघु भारती द्वारा आयोजित अखिल भारतीय उद्यमी सम्मेलन में भाग लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से अग्रसर है। इस संकल्प को पूरा करने में मध्यप्रदेश अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मध्यप्रदेश में उद्योग स्थापना के लिए आवश्यक अनुमतियां शीघ्र प्रदान करने के लिए कलेक्टर कार्यालय में एक पृथक प्रकोष्ठ बनाया जाएगा। अनुमतियां शीघ्र प्रदान करने की जिम्मेदारी कलेक्टर की होगी। इसकी प्रदेश स्तर से भी सतत मॉनिटरिंग की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज देवास में लघु भारती द्वारा आयोजित अखिल भारतीय उद्यमी सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बुधवार 7 और गुरूवार 8 अगस्त को प्रदेश में निवेश प्रोत्साहन के लिए बेंगलुरु में प्रमुख उद्योगपतियों के साथ इंटरेक्टिव सेशन आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 'मध्यप्रदेश उद्योग दर्शन पुस्तिका' का विमोचन भी किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश क्षेत्रीय, भौगोलिक आदि सभी दृष्टि से औद्योगिक विकास के लिए अनुकूल हैं। प्रदेश में बेहतर रोड एवं रेल कनेक्टिविटी के साथ पर्याप्त कुशल मानव संसाधन की उपलब्धता हैं। मध्यप्रदेश में नवीन सरकार के गठन के पश्चात से ही निवेश को प्रोत्साहन देने के लिए निरंतर रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। उज्जैन और जबलपुर में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के सफल आयोजन के पश्चात अब ग्वालियर, सागर और रीवा में भी रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि रोजगार आधारित उद्योगों तथा अन्य उद्योगों के साथ सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों का विकास भी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि न केवल लघु उद्योग अपितु कुटीर उद्योग, हॉर्टिकल्चर आदि के भी व्यापार, व्यवसाय का विकास निरंतर जारी रहेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश की पारदर्शिता और शुचिता आदर्श है। औद्योगिक विकास के लिए सिंगल विंडो की व्यवस्था इसी का बेहतरीन उदाहरण हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लघु भारती के पदाधिकारियों को अखिल भारतीय उद्यमी सम्मेलन के आयोजन के लिए बधाई दी।

# न्याय नगर कृष्णबाग कॉलोनी पर सुप्रीम कोर्ट का स्टे

## रहवासियों ने ली राहत की सांस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। न्याय नगर की कृष्णबाग कॉलोनी में रहवासियों के निर्माण तोड़ने पर सुप्रीम कोर्ट ने स्टे दे दिया है। प्रशासन ने पिछले दिनों हाईकोर्ट के स्टे के बावजूद कई लोगों के घर तोड़ दिए थे। इसके बाद हाईकोर्ट ने भी इस मामले में एसडीएम, तहसीलदार को नोटिस भी जारी किए हैं।**



प्रशासन द्वारा कई मकानों पर रिमूवल की कार्रवाई की गई थी, लेकिन पूरे मामले में पीड़ित पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था, जिसमें सभी रहवासियों को राहत मिल गई है। अब न्याय नगर की कृष्णबाग कॉलोनी में प्रशासन के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं होगी। सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए स्टे के बाद सभी रहवासियों ने राहत की सांस ली है। जिला प्रशासन ने 26 जुलाई को यहां पर 15 मकानों पर अवैध निर्माण हटाने की कार्रवाई की थी। इनमें से कई मकान ऐसे थे, जिन पर स्टे था। इसके बावजूद उन्हें तोड़ दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने रहवासियों को राहत देते हुए रिमूवल की कार्रवाई पर तीन महीने का स्टे दे दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि इस दौरान किसी भी प्रकार की तोड़फोड़ नहीं होगी। मंगलवार दोपहर बाद केस में सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता के एडवोकेट पद्मनाभ सक्सेना ने बताया कि सहकारिता विभाग की परमिशन से न्याय नगर संस्था ने श्रीराम बिल्डर को जमीन बेची थी। वह परमिशन सहकारिता विभाग ने वापस ले ली थी। इसी से संबंधित पिटिशन हाई कोर्ट में पेंडिंग है। सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट को कहा है कि वह तीन महीने में फैसला करें और अभी यथा स्थिति बनी रहने दें। अवमानना की प्रोसिडिंग पर जोर नहीं दिया जाए।यहां की जमीन पर श्री राम बिल्डर्स ने अपना दावा लगा रखा है। इसके साथ अहिल्या संस्था और रहवासियों ने भी अपना दावा लगाया हुआ है। सभी के अलग अलग मामले कोर्ट में चल रहे हैं। यहां पर अधिकांश जमीनों पर लोगों ने मकान बना लिए हैं और वे लगभग 20 साल से यहां पर रह रहे हैं। अब प्रशासन ने यहां पर पिछले दिन 15 घरों को हाईकोर्ट के आदेश पर तोड़ दिया था। इस मामले में अब सुप्रीम कोर्ट ने स्टे दे दिया है।

# इंदौर और जबलपुर शहरी क्षेत्र में सिटी फारेस्ट बनाने की तैयारी तेज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। लोक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग द्वारा इंदौर और जबलपुर शहरी क्षेत्र में नगर वन (सिटी फारेस्ट) विकसित करने की तैयारी की जा रही है। इसके लिये विभाग द्वारा योजनाबद्ध तरीके से तेजी से कार्य किया जा रहा है। विभाग द्वारा वित्त वर्ष 2024-25 की कार्य योजना में नगर वन विकसित करने संबंधी प्रस्ताव रखा गया है।**

लोक परिसम्पत्ति प्रबंधन विभाग द्वारा नेशनल टेक्सटाईल कॉर्पोरेशन से इंदौर, उज्जैन, भोपाल एवं बुरहानपुर जिले की बंद मिलों की भूमि को पुनः राज्य शासन के पक्ष में बंदोबस्त (वैष्ठित) कर लिया गया है। इसके विरुद्ध नेशनल टेक्सटाइल कॉर्पोरेशन ने इंदौर, उज्जैन एवं भोपाल की भूमि के संबंध में उच्च न्यायालय में याचिका दायर की गई है। संबंधित जिलों के कलेक्टर्स से समन्वय स्थापित कर विभाग द्वारा इन भूमि प्रकरणों के जल्द से जल्द निराकरण की कार्यवाही की जा रही है।

इंदौर जिले में स्थित यूनाइटेड मालवा मिल का एक प्रमुख भाग प्रबंधन की मंशा से नगर वन (सिटी फारेस्ट) के रूप में विकसित करने के लिये बेहद उपयुक्त पाया गया है। इस विकास प्रस्ताव पर विभागीय योजना बनाकर कार्यवाही की जा रही है एवं कल्याण मिल का उचित रूप से प्रबंधन किया जा रहा है। उज्जैन की विनोद मिल के शेष पार्सलों पर व्यवसायिक गतिविधियों के प्रोत्साहन केलिये विभागीय योजना तैयार की जा रही है एवं उज्जैन की हीरा मिल का समुचित प्रबंधन भी विभागीय तौर पर किया जा रहा है।

लोक परिसम्पत्ति विभाग द्वारा जबलपुर शहरी क्षेत्र में बीएसएनएल द्वारा अधिग्रहित भूमि को पुनः राज्य शासन के पक्ष में बंदोबस्त (वैष्ठित) कर लिया गया है। अब यहाँ 'सिटी फारेस्ट' के लिये जरूरी विकास के मद्देनजर समुचित प्रबंधन एवं व्यवस्थाएँ की जा रही हैं।

'लोक परिसंपत्ति प्रबंधन जिला प्रोत्साहन योजना' के अंतर्गत विभाग द्वारा जिलों में मौजूद आधारभूत संरचनाओं को और अधिक सुदृढ़ कर इन्हें नई आवश्यकतानुसार विकसित करने के लिये गत वित्तीय वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 में 20 जिलों को उनसे प्राप्त प्रस्तावों के अनुसार कुल 126 करोड़ 79 लाख रूपये वितरित किये गये। जारी वित्त वर्ष 2024-25 में इस योजना में 16 जिलों से पात्रतानुसार 65 करोड़ 49 लाख रूपये के विकास प्रस्ताव प्राप्त करने के लिये भी विभाग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है।

# खजराना गणेश मंदिर में धूप और बारिश से बचाव के लिए बनेगा रैंप और शेड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** खजराना गणेश मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधा और उन्हें धूप और बारिश से बचाव के लिए रैंप और शेड बनाया जाएगा। बच्चों के लिए ग्राउंड, योग सेंटर के साथ ही परिसर के सभी मंदिरों का सौंदर्यीकरण भी किया जाएगा। इसके लिए मास्टर प्लान तैयार है और जल्द ही काम शुरू होने की उम्मीद है। मंदिर में चांदी की मूर्ति पर अभिषेक-पूजन के लिए सौ रुपए शुल्क लेने का विचार चल रहा है। गणेश मंदिर प्रबंध समिति की बैठक कलेक्टर आशीष सिंह की अध्यक्षता में हुई। इसमें मास्टर प्लान पर चर्चा की गई। 7 सितंबर से शुरू होने वाले 10 दिनी गणेश चतुर्थी महोत्सव की तैयारियों के संबंध में भी चर्चा की गई। महोत्सव ध्वजा पूजन के साथ प्रारंभ होगा। भगवान श्रीगणेश का स्वर्ण आभूषणों के साथ विशेष श्रृंगार किया जाएगा। मंदिर को फूलों एवं विद्युत रोशनी के साथ विशेष रूप से सजाया जाएगा। सवा लाख मोदक का भोग लगाया जाएगा। बैठक में मंदिर के पुजारी पं. मोहन भट्ट, पं. अशोक भट्ट, अरविंद बागड़ी, बालकिशन छावछरिया (बल्लू अग्रवाल) मौजूद थे।

## कटाक्ष




# इंदौर को अगले एक माह में पूर्ण भिक्षावृत्ति मुक्त शहर बनाया जायेगा

## नगर निगम के सहयोग से संबंधित अधिकारियों द्वारा भिक्षावृत्ति की रोकथाम के लिए मिशन मोड में होगा कार्य

◆ कलेक्टर श्री आशीष सिंह द्वारा ली गई नगर निगम के झोनल अधिकारियों की बैठक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर में भिक्षावृत्ति की रोकथाम के लिए कलेक्टर श्री आशीष सिंह की पहल पर लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के सकारात्मक परिणाम भी सामने आ रहे है। इस अभियान को और अधिक गति प्रदान कर अगले एक माह में इंदौर को पूर्ण भिक्षावृत्ति मुक्त शहर बनाया जायेगा। इसके लिए नगर निगम के अधिकारियों के साथ ही अन्य संबंधित अधिकारियों द्वारा मिशन मोड में कार्य किया जायेगा। साथ ही भिक्षा वृत्ति/बाल भिक्षा वृत्ति की रोकथाम के संबंध में भारतीय नागरिक सुरक्षा अधिनियम 2023 की धारा 163 के तहत जारी प्रतिबंधात्मक आदेश का भी कड़ाई से पालन कराया जायेगा।

यह जानकारी कलेक्टर श्री आशीष सिंह द्वारा ली गई बैठक में दी गई। बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा, स्मार्ट सिटी के सीईओ श्री दिव्यांक सिंह, नगर निगम के अपर आयुक्त श्री सिद्धार्थ जैन, महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यक्रम अधिकारी श्री रामनिवास बुधोलिया सहित नगर निगम के सभी झोनल अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग के मैदानी अधिकारी आदि मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने कहा कि इंदौर को भिक्षावृत्ति से मुक्त शहर बनाने के लिए चलाये जा रहे अभियान के सकारात्मक परिणाम दिखने लगे है। इस अभियान को और अधिक गति देकर प्रभावी बनाने की जरूरत है। शहर को अगले एक माह में पूर्ण भिक्षावृत्ति मुक्त शहर बनाया जायेगा। इसके लिए जरूरी है कि सभी अधिकारी मिशन मोड में काम करें। उन्होंने कहा कि भिक्षा वृत्ति/बाल भिक्षा वृत्ति की रोकथाम के संबंध में भारतीय नागरिक सुरक्षा अधिनियम 2023 की धारा 163 के तहत जारी प्रतिबंधात्मक आदेश का भी कड़ाई से पालन कराया जाये। साथ ही ऐसे भिक्षुकों जो बार-बार समझाइश देने के बावजूद भी नहीं मान रहें उनकी सूची तैयार की जाये। ऐसे भिक्षुकों को सेवा धाम उज्जैन अथवा उनके पैतृक स्थान भेजने की व्यवस्था की जाये। इसके लिए उन्होंने नगर निगम को एक नोडल अधिकारी बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने भिक्षावृत्ति को रोकने के लिए बनाये गये दलों के सदस्यों से कहा कि वे पूर्ण सक्रियता से कार्य करें। चौराहों और मंदिरों के बाहर सतत निगरानी रखें। वे नियमित रूप से लगातार भ्रमण करते रहें। बताया गया कि भिक्षा वृत्ति/बाल भिक्षा वृत्ति की रोकथाम के संबंध में भारतीय नागरिक सुरक्षा अधिनियम 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किये गये हैं। जारी आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। उल्लंघन दण्डनीय अपराध के श्रेणी में आयेगा। जारी आदेश के अनुसार भिक्षुओं को भीख स्वरूप कुछ भी देना या नाबालिग बच्चों से किसी सामान को खरीदना इस आदेश से निषेध किया गया है। इसका उल्लंघन दण्डनीय होगा। जो व्यक्ति भिक्षुओं या किसी नाबालिग बच्चे को भीख स्वरूप कोई चीज प्रदान करता है या देता है या नाबालिग बच्चे से कोई सामान खरीदता हैं तो उसके विरूद्ध भी इस आदेश के उल्लंघन पर कानूनी कार्यवाही की जायेगी। यह आदेश 14 सितम्बर 2024 तक प्रभावशील रहेगा।

## लाखों की चोरी में दोस्त पर शंका

इंदौर। निजी कंपनी के कर्मचारी के यहां से लाखों रुपए की चोरी हो गई। मामले में उसने अपने ही दोस्त पर शंका जताई है। अन्नपूर्णा पुलिस के मुताबिक कुलदीप की शिकायत उसके दोस्त कृतज्ञ शर्मा पर केस दर्ज किया गया है। कुलदीप ने पुलिस को बताया कि घटना 14 मई 2024 दोपहर 12 बजे की है। दोस्त कृतज्ञ शर्मा मिलने घर आया था। उस समय घर पर दादा-दादी थी। घर की अलमारी में 3.50 लाख रुपए रखे थे। अलमारी का ताला लगा हुआ था। अलमारी की चाबी तकिये के नीचे रखी हुई थी। जब मैं करीब 1 बजे अलमारी से रुपए निकालने पहुंचा तो वह खुली थी। कागज और सामान बिखरा पड़ा था। दादा-दादी ने बताया कि कृतज्ञ कुछ देर पहले आया था। इसके चलते कुलदीप को उस पर शक है।

## दहेज के लिए सताया

इंदौर। राजेंद्र नगर पुलिस ने श्वेता खैर निवासी डायमंड पैलेस कालोनी की रिपोर्ट पर पति नवीन खैर,सास वंदना खैर,देवर चंद्रकांत खैर के खिलाप दहेज का केस दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि शादी के बाद से ही पति के अलावा सास और देवर भी परेशान करते थे और धमकिया देते थे। पहले भी उन्हें समझाइश दी गई थी कि परिवार में झगड़ा ना करें लेकिन उन्होंने किसी की सुनी नहीं और श्वेता को घर से बेदखल कर दिया। इसके अलावा राजेंद्र नगर में तुलाबाई चित्रगुप्त नगर की रिपोर्ट पर पति रमेश निवासी माचल के खिलाफ केस दर्ज किया है। घर के कामकाज को लेकर पति ने मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। कई दिनों से वो पत्नी को तंग कर रहा था और रोजाना कामकाज की बात को लेकर उसके साथ मारपीट करता था। इसी वजह से उसने पुलिस की शरण ली और केस दर्ज करवाया।

## ड्रग पेडलर धाराएं

इंदौर। शहर में नशे की लत पूरी करने रोजाना बदमाश वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। नशे की खरीद फरोख्त रोकने पुलिस ऑपरेशन क्लो चला रही है। अभियान के तहत मंगलवार रात सदर बाजार थाना क्षेत्र में डीसीपी जोन 1 के निर्देशन में पेडलरों की धरपकड़ शुरू की गई। अभियान में कई थानों की पुलिस ने कुख्याय तस्कर पंकज गौड़ निवासी भोई मोहल्ला आदि को पकडऩे टीम रवाना की। रात 12 बजे तक टीम एक दर्जन से अधिक तस्करों को पकड़ चुकी थी। कारवाही से बचाने कई बदमाश भूमिगत हो गए।

## जमीन की धोखाधड़ी

इंदौर। क्षिप्रा इलाके में छलकपट कर कृषि भूमि का अनुबंध के मामले में पुलिस ने शिकायत की जांच के बाद दो आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया। थाना क्षिप्रा पुलिस के मुताबिक फरियादी रामगोपाल लश्करी निवासी इमली बाजार की रिपोर्ट पर आरोपी रमेश सोलंकी निवासी ग्राम ब्राह्मण पीपल्या और रूपसिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। मामला ग्राम ब्राह्मण पीपल्या स्थित कृषि भूमि का है। पुलिस के मुताबिक आरोपियों ने 1 अप्रैल 2021 को भूमि स्वामी बाबूलाल पिता पूना मालवीय के साथ कृषि भूमि का विक्रय अनुबंध कर आवेदक रामगोपल लश्करी से छलकपट किया।

# सेंटर के माध्यम से आपसी सुलह-समझौते से अभी तक 50 से अधिक प्रकरण निराकृत

◆ कलेक्टर आशीष सिंह ने जनसुनवाई में आवेदकों की समस्याओं को सुनकर मौके पर किया निराकरण



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। शहर में हर मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई में आने वाले छोटे-छोटे पारिवारिक तथा संपत्ति संबंधी विवादों के निराकरण के लिए कलेक्टर आशीष सिंह की पहल पर कलेक्टर कार्यालय में मीडिएशन सेंटर की स्थापना की गई है। इस सेंटर के सकारात्मक परिणाम भी सामने आए हैं। इस सेंटर के माध्यम से अभी तक 50 से अधिक प्रकरणों का निराकरण आपसी सुलह और समझौते के माध्यम से किया गया है। प्रायः यह देखने में आता है कि जन सुनवाई में बड़ी संख्या में पारिवारिक तथा संपत्ति संबंधी विवाद आते हैं जिन्हें आपसी सुलह और समझौते से आसानी से निराकृत किया जा सकता है। इसको देखते हुए कलेक्टर श्री आशीष सिंह की पहल पर यह सेंटर बनाया गया है।

प्रति मंगलवार की तरह इस मंगलवार भी कलेक्टर कार्यालय में जनसुनवाई संपन्न हुई। जनसुनवाई में कलेक्टर आशीष सिंह ने नागरिकों की समस्याओं सुनकर उनका निराकरण किया। जनसुनवाई में कलेक्टर आशीष सिंह ने किसी को रोजगार के लिए सिलाई मशीन तो किसी को फीस अथवा इलाज के लिए रेडक्रास के माध्यम से उनकी मदद की गई। उन्होंने जनसुनवाई में आई संध्या जाधव को सिलाई मशीन देने के निर्देश दिये। इसी तरह शांतिबाई और अनामिका राय को 15-15 हजार रुपये तथा प्रेमा बनोदिया को 20 हजार रुपये की आर्थिक सहायता रेडक्रास से स्वीकृत की।

अपर कलेक्टर गौरव बेनल, श्रीमती सपना लोवंशी तथा रोशन राय सहित अन्य अधिकारियों ने भी सैकड़ों नागरिकों की समस्याओं को सुना और उनकी समस्याओं का मौके पर ही यथा संभव निराकरण किया। जो समस्या निराकृत नहीं हो सकी उनके निराकरण के लिये समय-सीमा तय कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। जनसुनवाई में भी दिव्यांगों की समस्याओं को विशेष रूप से सुना गया। जनसुनवाई में लोगों ने आवास, इलाज, शिक्षा और रोजगार के लिए मदद संबंधी आवेदन प्रस्तुत किये। जनसुनवाई में लोगों ने सम्पत्ति विवाद, पारिवारिक विवाद, कॉलोनियों में प्लाट नहीं मिलने आदि के संबंध में भी आवेदन दिये। जनसुनवाई में सैंकड़ों नागरिकों की समस्याओं का सुनकर उनका निराकरण किया गया। जरूरतमंद व्यक्तियों को इलाज की तत्कालिक सहायता के रूप में रेडक्रास से आर्थिक मदद भी दी गई।

# मालवा मिल में झांकी निर्माण कार्य का शुभारंभ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इन्दौर । **मालवा मिल श्री गणेशोत्सव समिति के तत्वावधान में अनन्त चतुर्दशी के पावन पर्व पर झांकी विसर्जन चल समारोह हेतु मालवा मिल में श्री गणेशजी भगवान एवं माता गौरी का पूजन करके झांकी निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया ।**

इस अवसर पर महामंडलेश्वर श्यामानंदजी महाराज, पूर्व मंत्री दिलीप राजपाल जी, इंटक के पूर्व अध्यक्ष गोपाल शर्मा एवं विशेष अतिथि रमेश यादव उस्ताद के आतिथ्य में पूजन सम्पन्न हुआ । इस अवसर पर मालवा मिल गणेशोत्सव समिति के अध्यक्ष कैलाश कुशवाह,सुरेन्द्र शर्मा, महेश शर्मा, राहुल निहोरे, मदन नागवंशी, मुकेश वर्मा, अशोक वर्मा, अशोक दरबार, आशीष महावर, कोली समाज अखाडे के उस्ताद किशन कुशवाह, जितेन्द्र करोसिया, संजय भदौरिया, संतोष यादव, रामलाल उसरिया मुख्य रूप से उपस्थित थे। पूजन विधि महामंडलेश्वर श्यामानंदजी महाराज ने सम्पन्न करवाई ।इस अवसर पर झांकी कलाकार मनोज कुशवाह का स्वागत कर बयाना राशि 11,000/- रुपए एवं किशन कुशवाह को 5,000/- रुपए, श्याम इलेक्ट्रीक को 5,000/- रुपए भेंट किये । कार्यक्रम का संचालन एवं आभार गणेशोत्सव समिति के अध्यक्ष कैलाश कुशवाह ने माना।

# जिस शहर में हुआ निधन वहीं से बनेगा मृत्यु प्रमाण-पत्र

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **नगर निगम सीमा में हुए प्रत्येक जन्म और मृत्यु का पंजीयन अनिवार्य है। यह बात ध्यान रखें कि अगर किसी व्यक्ति की मृत्यु मुंबई में हुई है तो भले ही अंतिम संस्कार इंदौर में हुआ हो उस व्यक्ति का मृत्यु प्रमाण पत्र मुंबई से ही बनेगा। इसी तरह जहां जन्म हुआ है वहीं से जन्म प्रमाण पत्र बनेगा। एमवाय अस्पताल और पीसी सेठी अस्पताल जैसे बड़े अस्पतालों में जन्म प्रमाण अस्पताल से ही बन जाते हैं।**

जिन सरकारी और निजी अस्पतालों में यह सुविधा नहीं है वहां से ऑनलाइन रिकार्ड निगम भेजा जाता है। रिकार्ड की एक हार्ड कापी भी निगम को भेजना होती है। इन दस्तावेजों के सत्यापन के बाद नगर निगम जन्म प्रमाण पत्र जारी कर देता है। सामान्यतः इस प्रक्रिया में दो सप्ताह का समय लगता है।जन्म या मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करते वक्त ही इस बात की जांच कर लेना चाहिए कि इसमें किसी तरह की कोई गलती तो नहीं है। जन्म प्रमाण पत्र में बच्चे का, माता-पिता का नाम इत्यादि जांच लें। गलती हो तो हाथों-हाथ सुधार के लिए आवेदन करें। अन्यथा आपको भविष्य में इसके लिए परेशान होना पड़ सकता है। जितनी जल्दी गलती सुधवा लेंगे, वह उतनी ही आसानी से सुधर जाएगी। पति के मृत्यु प्रमाण पत्र में पत्नी का नाम जरूर जांच लें। इसमें किसी तरह का अंतर होने पर पत्नी को क्लेम मिलने और अन्य जगह परेशान होना पड़ सकता है। यह बात नगर निगम के मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी और जन्म-मृत्यु पंजीयन रजिस्ट्रार डा. अखिलेश उपाध्याय ने कहीं।अगर आप बच्चे के जन्म प्रमाण पत्र में बच्चे का नाम जुड़वाना चाहते हैं तो आपको जोन कार्यालय पर संपर्क करना होगा। इसके अलावा आप 311 एप्लीकेशन पर भी आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसी तरह अगर आप बच्चे के नाम में बदलाव चाहते हैं तो भी आपको निगम के समक्ष आवेदन करना होगा। जन्म प्रमाण पत्र में जन्म तारीख बदलने का कोई प्रविधान नहीं है।

## कारखाने में मजदूर घायल

इंदौर। भंवरकुआं इलाके में एक सुपारी कारखाना में हुए हादसे में मजदूर के घायल होने के मामले में पुलिस ने कारखाना मालिक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। पुलिस के मुताबिक हादसा 7 जुलाई की शाम उद्योग नगर पालदा स्थित अवतार इंडस्ट्रीज सुपारी फैक्ट्री में हुआ था। घायल का नाम तपन (2&) है। जांच के बाद पुलिस ने कारखाना मालिक अनिष क्षत्री पर सुरक्षा उपाय में लापरवाही की धारा में केस दर्ज किया।

## अधेड़ से मारपीट

इंदौर। आजाद नगर थाना क्षेत्र में अधेड़ के साथ हुई मारपीट में पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है। कमला नगर में रहने वाले संतोष विश्वकर्मा ने पुलिस को बताया कि इंडियन पेट्रोल पंप के सामने पालदा में उसके पिता शिवराज विश्वकर्मा की किसी बात को लेकर कमलेश और उसके अन्य साथी के साथ कहासुनी हो गई थी। आरोपियों ने गालियां देते हुए उसके पिता को पीटा और जान से मारने की धमकी देकर भाग गए।

## चेकिंग के दौरान पुलिसकर्मियों से विवाद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। लसूडिया थाना क्षेत्र में पुलिस चेकिंग के दौरान कार सवार दो लोगों ने पुलिसकर्मियों के साथ विवाद किया। पुलिस लसूडिया ने प्रधान आरक्षक परसराम की रिपोर्ट पर कार सवार रोहित बजाज और राहुल नामक दो युवकों के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा का केस दर्ज कर उनको गिर तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि पुलिस टीमें देवास नाका पर बैरिकेड लगाकर चेकिंग कर रही थी। इश दौरान कार सवार बैरिकेड तोडकर जाने लगे। टीम ने रोका तो उन्होंने पुलिसकर्मियों को गालियां बकी और उनके साथ अभद्र व्यवहार किया। इस पर पुलिस ने दोनों को गिर तार कर कार भी जब्त कर ली। बताते हैं कि दोनों युवक शराब के नशे में थे और पुलिसकर्मियों को नेता के ना पर धमका रहे थे।

## घर से बुलाकर पीटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। युवक को पीटने वाले आरोपियों के खिलाफ लसूडिया पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। ओमेक्स सिटी वन में शुभागंन इडब्लयूएस में रहने वाले राजकुमार करोले ने पुलिस को बताया कि राकेस जाधव उसके घर पर आया और किसी काम का बोलकर उसे ओमेक्स सिटी ग्रीन में लेकर गया जंहा पर उसका एक अन्य साथी मौजूद था। वहां पहुंचते ही राकेश ने यह कहते हुए गाली गलौज दना शुरू कर दिया कि तूने मेरे समाज की लडकी को भगाकर शादी क्यों की। इस पर जब गाली देने का विरोध किया तो आरोपियों ने मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के दौरान राकेश ने लोहे की राड से पैर पर वार करते हुए उसे घायल कर दिया।

## 70 लाख की ड्रग्स बरामद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। नारकोटिक्स डीआईजी महेशचंद्र जैन ने बताया कि इंदौर बेटमा मार्ग पर नावदा पंथ ब्रिज के नीचे दो युवक बैठे हैं और उनके पास नशीला पदार्थ है। इस पर डीआईजी ने निरीक्षक अजय शर्मा और उनकी टीम को मौके पर भेजा। टीम ने आरोपियों की घेराबंदी कर उन्हें पकड़ा तो उनके पास से 70 ग्राम से 'यादा एमडी ड्रग्स मिली जिसका अंतराष्ट्रीय मूल्य 70 लाख रूपए बताया गया है। पुलिस ने इस सिलसिले में दो ड्रग तस्कर ललित पिता मदनलाल सालवी निवासी मालीपुर जावरा तथा उसके साथी सुजानमल पिता हीरालाल टांक निवासी जावरा को गिर तार किया है। इनके विरूद मादक पदार्थ अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस अब इस बातकी भी जांच कर रही है कि उक्त ड्रग्स आरोपी कहां से लाए थे और यह किसको देने वाले थे।

# नागपंचमी पर ऑनलाइन मिलेंगे शीघ्र दर्शन टिकट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** श्री महाकालेश्वर मंदिर में शिखर के तीसरे खंड में स्थित भगवान नागचंद्रेश्वर के पट वर्ष में एक बार 24 घंटे के लिए खुलते हैं। इस बार नागपंचमी 9 अगस्त को है। इस बार मंदिर प्रशासन द्वारा श्री नागचंद्रेश्वर महादेव के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं को ऑनलाइन टिकट बुक करने की सुविधा दी जा रही है। श्रद्धालु ऑनलाइन टिकट लेकर दर्शन को पहुंच सकेंगे। हालांकि, टिकट वाले श्रद्धालु किस रूट से आकर दर्शन के लिए प्रवेश करेंगे, यह अभी तय नहीं है।



विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर के ऊपरी तल पर स्थित श्री नागचंद्रेश्वर भगवान मंदिर के पट आम जनता को दर्शन कराने के लिए नागपंचमी पर खोले जाते हैं। इस बार भी 8 अगस्त को रात 12 बजे पट खुलेंगे। मंदिर समिति की बैठक में नागपंचमी को लेकर व्यवस्थाएं तय की गई हैं। इस बार श्रद्धालुओं को ऑनलाइन विशेष दर्शन टिकट मंदिर की वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जा रही है। टिकट का शुल्क 250 या 300 रुपए रहेगा। इसके अलावा मंदिर समिति ऑफलाइन टिकट के लिए भी काउंटर लगाएगी। हालांकि, अभी यह तय नहीं है कि सामान्य श्रद्धालुओं की दर्शन व्यवस्था के अलावा विशेष दर्शन टिकट वाले श्रद्धालु कहां से लाइन में लगकर कहां से दर्शन के लिए प्रवेश करेंगे। इसको लेकर मंथन किया जा रहा है। मंदिर समिति के प्रशासक मृणाल मीना ने इतना ही कहा कि नागचंद्रेश्वर दर्शन के लिए शीघ्र दर्शन टिकट ऑनलाइन उपलब्ध करा रहे हैं।

### वीआईपी दर्शन पास भी बटेंगे

मंदिर से जुड़े सूत्रों का कहना है कि मंदिर समिति हर बार की तरह इस बार भी करीब पांच हजार विशेष दर्शन पास छपवाएगी। यह विशेष पास मंत्री, सांसद, विधायकों, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को वितरित किए जाते हैं। हालांकि, यह विशेष पास कब छपेंगे और कब बांटे जाएंगे, यह कोई भी नहीं बता पा रहा है।

# सिंधिया ने सीएम से मांगी चंबल नदी से पानी लाने की योजना के लिए 372 करोड़ की अतिरिक्त राशि

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया मंगलवार को अपने एक दिवसीय प्रवास के दौरान बुधवार को भोपाल पहुंचे। भोपाल पहुंचते ही सिंधिया ने पहली बैठक मुख्यमंत्री मोहन यादव के साथ की। दो घंटे चली बैठक में सिंधिया ने विकास परियोजनाओं पर मुख्यमंत्री से बातचीत की। इससे पहले सिंधिया का भोपाल हवाईअड्डे पर भाजपा के कार्यकर्ताओं एवं राज्य के मंत्रियों ने स्वागत किया।**

केंद्रीय मंत्री ने मुख्यमंत्री के साथ बातचीत में ग्वालियर की पानी की समस्या का निवारण पर फोकस रखा। ग्वालियर में पानी की समस्या को जड़ से खत्म करने के लिए सिंधिया के नेतृत्व में चंबल नदी से पानी लाने का कार्य किया जा रहा है। इसके लिए शेष राशि 372 करोड़ रुपए उपलब्ध कराने का सिंधिया ने अनुरोध किया। ग्वालियर में अंबेडकर स्मारक के द्वितीय चरण लिए 12 करोड़ रुपए की स्वीकृति एवं आवंटन पर जोर दिया गया। इस चरण में बाबा अंबेडकर को समर्पित डिजिटल लाइब्रेरी, लाइट एंड साउंड शो एवं आम जनता के लिए अनेक सुविधाओं का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा केंद्रीय मंत्री ने गुना और शिवपुरी में हवाईअड्डा बनाने पर भी चर्चा हुई। सिंधिया ने कहा इस काम को राज्य सरकार के सहयोग से जल्दी से जल्दी पूरा करेंगे। गुना जिला अस्पताल को 400 बिस्तर से 600 बिस्तर बनाने की मांग को भी सिंधिया ने मुख्यमंत्री के समक्ष रखा। अशोकनगर में नवीन एग्रीकल्चर कॉलेज की स्वीकृति और इसके बजट आवंटन पर भी सिंधिया ने जोर दिया। साथ ही गुना के तात्या टोपे विश्वविद्यालय में नवीन भवन निर्माण एवम स्टाफ की नियुक्ति के लिए बजट आवंटन के लिए भी सिंधिया ने मुख्यमंत्री से बात की। ग्वालियर में औद्योगिक निवेश लाने के विषय पर भी चर्चा हुई।



## खंडवा में प्रेमी जोड़े ने फांसी लगाई

**खंडवा।** खंडवा में एक प्रेमी जोड़े ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। दोनों रिश्ते में देवर-भाभी हैं और तीन दिन से लापता थे। परिवार वाले उनकी तलाश में जुटे थे कि मंगलवार सुबह उनके शव जंगल में पेड़ से लटके मिले। फिलहाल, यह बात सामने आई है कि दोनों प्रेम-प्रसंग में थे। देवर भी शादीशुदा था। इधर, महिला का पति पुणे में मजदूरी करता है। घटना आदिवासी बाहुल्य खालवा क्षेत्र के गांव गुलाईमाल की है। जानकारी के मुताबिक, फांसी लगने वाले गांव का युवक और एक महिला हैं। महिला उसके चचेरे भाई की पत्नी हैं। युवक और महिला का देवर-भाभी का रिश्ता है। लेकिन दोनों ने इस रिश्ते को शर्मसार कर दिया। काफी समय से दोनों प्रेम-प्रसंग में थे। हैरत की बात यह है कि महिला के 4 बच्चे हैं। वहीं युवक की दो संतानें हैं। पूरे गांव में मातम पसर गया है।

## वॉर्डन ने छात्राओं को छड़ी से पीटा

**विदिशा।** विदिशा में गर्ल्स हॉस्टल में छात्राओं से मारपीट का मामला सामने आया है। हॉस्टल की वॉर्डन ने 6वीं की 5 से 6 छात्राओं को थप्पड़ मारे, छड़ी से पिटाई की। एक छात्रा बेहोश हो गई। उसे अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। हॉस्टल वॉर्डन का कहना है कि छात्राएं पढ़ नहीं रही थी, इसलिए मैंने एक-दो थप्पड़ मारे थे। मामला ग्राम पंचायत पीपलधार के बालिका छात्रावास में मंगलवार सुबह का है। बच्चों से मारपीट की सूचना पर अभिभावक भी हॉस्टल पहुंच गए। उन्होंने कहा कि हम बच्चियों को घर लेकर जा रहे हैं। जब तक वॉर्डन तबस्सुम खान को सस्पेंड नहीं किया जाता, तब तक हम बच्चियों को वापस नहीं भेजेंगे।जिन छात्राओं से मारपीट हुई है सभी ने इसी साल 6वीं में एडमिशन लिया है। ये सभी करीब 15 दिन पहले ही हॉस्टल में रहने आई हैं। मंगलवार सुबह करीब 10.30 बजे छात्राएं स्कूल पहुंचीं। वहां पहुंचने पर एक छात्रा बेहोश हो गई। चार-पांच अन्य छात्राओं ने भी घबराहट और चक्कर आने की बात कही।

# खतरनाक स्थानों पर सूचना बोर्ड और रिफ्लेक्टर लगाए गए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मांडू।** कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देश के बाद मंगलवार को पीथमपुर एसडीएम शाश्वत शर्मा और धामनोद एसडीओपी मोनिका सिंह ने अन्य विभागों के अमले के साथ ई-रिक्शा में बैठकर मांडू भ्रमण किया। पर्यटकों से जुड़ी व्यवस्थाओं की नब्ज टटोली। आने वाले दिनों में सैलानियों को कोई परेशानी नहीं हो इसके लिए पर्यटन सेवा का व्यापक प्लान तैयार किया है।

गौरतलब है कि रविवार को 'फ्रेंडशिप डे' पर हजारों की संख्या में सैलानी मांडू पहुंचे थे। उनको अव्यवस्थाओं के चलते बिना मांडू भ्रमण करे वापस लौटना पड़ा था। तब कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने एसडीएम पीथमपुर को कहा था कि पर्यटकों को किसी प्रकार की समस्या नहीं हो। इसी के चलते एसडीएम के साथ नायब तहसीलदार राहुल गायकवाड़, मांडू नगर पंचायत के सीएमओ लाल सिंह राठौड़, एएसआइ दिनेश वर्मा, उपयंत्री बलदेव सिंह ठाकुर आदि के साथ मांडू के रानी रूपमती महल, बाज बहादुर महल स्थित पार्किंग स्थल व जहाज महल तथा नीलकंठ पार्किंग स्थल और मांडू के मुख्य मार्गों का भ्रमण किया।एसडीम शर्मा और एसडीओपी मोनिका सिंह ने बताया कि मांडू के ऐतिहासिक आलमगीर दरवाजे, दिल्ली दरवाजे, कमानी दरवाजे और गाड़ी दरवाजे के दोनों ओर सुरक्षा कर्मी तैनात रहेंगे। घाट क्षेत्र के कुछ हिस्सों में जाम नहीं लगे, इसलिए नगर परिषद वहां मार्ग चौड़ा करेगी। दरवाजों के दोनों तरफ दुर्घटना से बचने के लिए रिफ्लेक्टर लगाए जाएंगे।इधर मांडू में खतरनाक स्थान को चिन्हित कर वहां पर सीएमओ राठौड़ एवं दल ने तत्काल पहुंचकर सूचना बोर्ड लगाए। रानी रूपमती महल, बाज बहादुर महल, नीलकंठ महादेव मंदिर, लोहानी गुफा के साथ कहीं खतरनाक स्थान को चिन्हित किया गया। वहां दिनभर नपा कर्मी बोर्ड और फ्लेक्स लगाते नजर आए। अब पर्यटकों को जाम या अन्य समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। इसके लिए मौके पर ही नया रूट प्लान बनाया गया। अब धार की ओर से आने वाले वाहन सीधे रूपमती महल की ओर जाएंगे। उधर से आते समय जहाज महल और नीलकंठ महादेव मंदिर के लिए पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस के सामने से होते हुए पीछे के रास्ते से जहाज महल मार्ग नगर परिषद के सामने पहुंचेंगे। पूरा मार्ग वन वे रहेगा। महत्वपूर्ण स्थानों पर ट्रैफिक पुलिस तैनात रहेगी और पर्यटकों की संख्या को देखते हुए उन्हें अलग-अलग स्थान पर डायवर्ट किया जाएगा।




## रिश्वत लेते थानेदार रंगे हाथों गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बीना।** लोकायुक्त पुलिस सागर ने जिले के बीना में चौकी प्रभारी को 30 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। सब इंस्पेक्टर ने एक्सीडेंट में जब्त बस को कोर्ट के आदेश के बावजूद छोड़ने के एवज में रिश्वत मांगी थी।लोकायुक्त पुलिस के मुताबिक, सागर में बीना के राम वार्ड बजरिया निवासी इशान उर्फ गोलू साहू पिता अशोक साहू उम्र 38 ने लोकायुक्त कार्यालय सागर में शिकायत दर्ज कराई थी। इसमें आवेदक ने बताया कि एक्सीडेंट के एक प्रकरण में उसकी बस जब्त हुई थी। अदालत से जब्त बस को छोड़ने के आदेश हुए है। बस छोड़ने की एवज में उप निरीक्षक पीयूष साहू, चौकी प्रभारी नई बस्ती थाना बीना द्वारा रिश्वत मांगी जा रही है।

## किसान की चमकी किस्मत, हीरा मिला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**पन्ना।** पन्ना में पन्ना की धरा कब किसको करोड़पति बना दे, कुछ कहा नहीं जा सकता। क्योंकि यहां की धरती हीरे उगलती है और यह वही हीरा है जो रोडपति इंसान को भी करोड़पति बना देता है। ऐसा ही वाकया आज फिर हुआ है, जिसमें किसान दिलीप मिस्त्री को अपने ही खेत (पन्ना के जरूआपुर) में हीरा की चाल मचाते समय हीरा मिला है। जब यह चमचमता हीरा दिखा तो आंखे चकाचौंध हो गई और किसान की खुशी का ठिकाना न रहा और झूम कर नाच उठे।हीरा मिलने के बाद किसान दिलीप अपने परिवार सहित अपने पार्टनरों को फोन पर जानकारी देता है और जानकारी देने के बाद पार्टनरों के साथ 16 कैरेट 10 सेंट का हीरा को हीरा कार्यालय में जमा करता है। जहां उसकी कीमत 60 लाख से अधिक आंकी जा रही है। जमा होने के पश्चात हीरा अगली हीरा नीलामी में रखा जाएगा। बात दें कि वर्ष 2024 में अभी तक 11 हीरे जमा हुए हैं।

## दलित को सटोरियों ने पेशाब पिलाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**नरसिंहपुर।** नरसिंहपुर जिले के चीचली थाना अंतर्गत बारहा बड़ा गांव में एक दलित को सटोरियों ने पेशाब पिला दिया। गाडरवारा पुलिस ने 5 अगस्त को आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। एसडीओपी रत्नेश मिश्रा ने बताया कि बारहा बड़ा के दलित मोहन अहिरवार का आरोप है कि गांव के ही सटोरियों सिल्लू बुधौलिया और सूरज कसेरा ने गाली-गलौट और बंधक बनाकर पेशाब पिलाई है। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि इन व्यक्तियों का गांव में अवैध सट्टे का धंधा है और इनका गांव में दबदबा है। मामले को लेकर पुलिस ने एससीएसटी सहित 10 धाराओं में एफआईआर दर्ज की है।

## संपादकीय

# रुक सकती थी हिंसा

बांग्लादेश में पिछले कुछ समय से छात्र आंदोलन के दौरान सरकार के रुख और सुरक्षा बलों की कार्रवाई में कई सौ लोग मारे गए। इसके खिलाफ उभरे जन आक्रोश को देखते हुए इसकी आशंका पहले से बन रही थी कि वहां अब कुछ भी हो सकता है। सच यह है कि पुलिस और सुरक्षा बलों की सख्त कार्रवाइयों की वजह से ही प्रदर्शनकारियों के भीतर गुस्सा इस हद तक भड़क गया था कि भीड़ ने प्रधानमंत्री आवास तक पर कब्जा कर लिया और सेना को हालात संभालने का आश्वासन देना पड़ा। लगातार बिगड़ते हालात के बीच मजबूरन शेख हसीना को देश छोड़ना पड़ा। निश्चित रूप से हिंसा और अराजकता किसी भी समस्या का समाधान नहीं है, मगर शेख हसीना सरकार के रवैये से साफ था कि जनता के बीच बढ़ते असंतोष से निपटने को लेकर उसमें दूरदर्शिता नहीं थी और लगातार ऐसे फैसले लिए जा रहे थे, जो सरकारी तानाशाही के सूचक थे। ऐसे में जन आक्रोश के कारण समझे जा सकते हैं। आरक्षण के मसले पर उभरे छात्र आंदोलन को बांग्लादेश के मौजूदा हालात का एक तात्कालिक कारण जरूर माना जा सकता है, मगर इसकी पृष्ठभूमि लंबे समय से बन रही थी। शेख हसीना 2009 से लगातार सत्ता में कायम हैं और पिछला चुनाव उन्होंने विपक्षी दलों के बहिष्कार के बीच जीता। इसके अलावा, उन पर सरकारी संस्थाओं के दुरुपयोग और सत्ता की ताकत से विरोध का दमन करने और विपक्षी कार्यकर्ताओं की हत्या कराने तक के आरोप लगते रहे हैं। जाहिर है, लोकतंत्र के खिलाफ उनकी सरकार के रुख पर आम जनता के बीच फैले आक्रोश की ठोस वजहें रहीं। मगर प्रदर्शनकारियों के हिंसक होने और प्रधानमंत्री आवास तक पर धावा बोलने की घटना दक्षिण एशिया में सत्ता के खिलाफ आम लोगों के अराजक हो जाने की बढ़ती प्रवृत्ति को ही दर्शाता है। इससे पहले श्रीलंका में सरकार की मनमानी और दमन के विरुद्ध लोगों ने राष्ट्रपति भवन पर भी हमला कर दिया था। यह प्रवृत्ति चिंताजनक है, लेकिन सवाल है कि जनहित के सवालों की अनदेखी की सीमा क्या हो, जहां आम लोगों का सब्र न टूटे! लोकतंत्र का विकल्प सैन्य शासन कभी नहीं हो सकता।

**अर्ज किया है..!**

*सफ़र में ऐसे कई*
*मरहले भी आते हैं*
*हर एक मोड़ पे*
*कुछ लोग छूट जाते हैं*

*- आबिद अदीब*

**OSHO कहिन**

**"अगर आप तुलना करना छोड़ दें तो निश्चित ही जिंदगी बहुत खुबसूरत है।"**



## ज्ञान-विज्ञान

# वो कौन से जानवर थे, जिन्होंने पीढ़ी आगे बढ़ाने के लिए सबसे पहले बनाए थे यौन संबंध



हमारी दुनिया में कई प्रकार के जीव हैं. जानवर हैं. जो बच्चे पैदा करने के लिए यौन संबंध बनाते हैं. कुत्ते, बिल्ली, पक्षी, मधुमक्खियां और हम इंसान भी. लेकिन कभी सोचा है आपने कि सबसे पहले किस जानवर ने यौन संबंध बनाया होगा. यानी बच्चे पैदा करने के लिए फिजिकली सेक्सअुल प्रोसेस को पूरा किया होगा.

ये जानवर है समुद्री सपॉन्ज (Ocean's Sponges). आज ये समंदर में इन्होंने स्पर्म और एग्स छोड़कर पानी के अंदर नए स्पॉन्ज लार्वा बनाए थे. हालांकि वैज्ञानिक अब भी इस गुत्थी की असली तारीख खोज रहे हैं. लेकिन फिलहाल तो स्पॉन्ज ही ऐसा जानवर मिला है, जिसने सबसे पहले यौन संबंध बनाया.

इसका पता किया है यूनिवर्सिटी ऑफ हवाई के वैज्ञानिकों ने. करीब 80 करोड़ साल पहले स्पॉन्ज ऐसा नहीं करते थे. संबंध बनाने के बाद एक साथी दूसरे साथी को मार डालता था. खत्म कर देता था. शिकार कर लेता था. आयोवा यूनिवर्सिटी में बायोलॉजी के एसोसिएट प्रोफेसर जॉन लॉन्सडन ने बताया कि पहली बार यौन संबंध बनाने वाले जीव तो उससे पहले से भी संबंध बनाते ही आ रहे हैं, हमें बस पता करना है. जो आसान नहीं है.

**इस खास कोशिका की हो रही है खोज और जांच-** जॉन लॉन्सडन ने बताया कि हमने इसकी जांच के लिए मियोसिस की जांच की. यानी कोशिकाओं के टूटने से बनने वाला रिप्रोडक्टिव सेल जिसे यूकैरियोट्स कहते हैं. यह एक कोशिका के अंदर मिलने वाला केंद्रक यानी न्यूक्लियस होता है. जैसे पौधे, जानवर या फंगस. तो सवाल ये उठा कि पहले यूकैरियोट्स कब पैदा हुए?

**पहली बार यौन संबंध किस जानवर ने बनाया?** - यूकैरियोट्स ही ये बता सकते हैं कि पहली बार यौन संबंध किस जानवर ने बनाया था. जवाब है करीब 200 करोड़ साल पहले. ये तब की बात है जब एक सामान्य बैक्टीरिया कुछ जेनेटिक जानकारियों को आपस में इस तरह से एक्सचेंज करना शुरू किया. लेकिन इसे यौन संबंध बनाना नहीं कह सकते. क्योंकि ये फिजिकल नहीं है.

**कुछ सबूत मिलते हैं 35.9 से 41.9 करोड़ साल पहले के-** जिस तरह से सेक्सुअल इंटरकोर्स, कोपुलेशन होता है. जैसा इंसान या कई जानवर करते हैं. वैसा सबसे पहले कब हुआ था. इसकी जांच शुरू हुई. सबसे पहले इंटीमेट सेक्सुअल रिप्रोडक्शन के जो सबूत मिलते हैं, वो हैं डेवोनियन काल में मौजूद प्लैकोडर्म मछलियों के. जैसे माइक्रोब्रैचियस डिकी. ये बात है करीब 41.9 करोड़ साल से लेकर 35.9 करोड़ साल पहले की बात.

नर माइक्रोबैचियस डिकी मछली के पास खास तरह के क्लैसपर होते थे. जो लिंग की तरह काम करते थे. ये मादा मछली को आंतरिक तौर पर फर्टाइल करने में मदद करते थे. वहीं, मादा के शरीर में क्लैसपर को सहयोग देने वाले अंग थे. ये मछलियां समंदर में यौन संबंध बनाते समय गोता लगाती रहती थीं. इस के बाद जब इनके बच्चे होते थे, तब भी नर और मादा मछलियां ऐसे ही गोता लगाते थे.

**क्या होता है सेक्सुअल रिप्रोडक्शन का फायदा?** - अगर एक ही जीव बच्चा पैदा करे यानी एसेक्सुअल रिप्रोडक्शन तो बच्चे के अंदर सिर्फ उसके जीन्स आते हैं. जबकि नर और मादा मिलकर ऐसा करते हैं, तो बच्चे के अंदर दोनों के जीन्स आते हैं. जो बच्चे को भविष्य के वातावरण में जीवित रहने की ताकत और क्षमता देते हैं. शार्क एसेक्सुअल होती हैं. जेली फिश तो इसी तरीके से अपना क्लोन बना देती है. लेकिन सेक्सुअल रिप्रोडक्शन करने से वातावरण में हो रहे बदलावों से भी बचा जा सकता है.

## Rajasthan

# चित्तौड़गढ़ में बच्चों समेत परिवार के पांच सदस्यों की मौत, बाइक पर जा रहे थे छह लोग, वाहन ने कुचला

**चित्तौड़गढ़, (एजेंसी)** चित्तौड़गढ़-निम्बाहेड़ा फोरलेन पर रात करीब 10 से 11 बजे के बीच यह हादसा हुआ। निम्बाहेड़ा सदर थाना क्षेत्र में आने वाली भावलिया गांव की पुलिया के पास अज्ञात भारी वाहन ने एक बाइक को कुचल दिया। इस बाइक पर सवार तीन पुरुष, एक महिला तथा दो बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं एक मासूम उछलकर दूर जा गिरी, जिसकी जान बच गई लेकिन यह घायल हुई है। बाइक सवार शंभूपुरा थाना क्षेत्र के एक ही परिवार के सदस्य हैं और रात को निम्बाहेड़ा की ओर जा रहे थे।

हादसे की जानकारी मिलने के बाद निम्बाहेड़ा सदर थानाधिकारी संजय शर्मा मय जाप्ते के मौके पर पहुंचे और



घटनास्थल पर मौजूद आसपास के लोगों से इस हादसे के बारे में जानकारी ली। ट्रेलर या कंटेनर जैसे किसी भारी वाहन के इस बाइक सवार परिवार को कुचलना की बात सामने आई है। इसके बाद प्रमुख मार्गों पर नाकाबंदी करवाई है।

मृतकों की शिनाख्त मृतकों की पहचान शंभूपुरा थाना क्षेत्र में केसरपुरा निवासी सुरेश व इसके परिवार के रूप में हुई है। हादसे की सूचना उच्च अधिकारियों को भी दी गई है। इस पर निम्बाहेड़ा उपखंड अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। मृतकों के शव निम्बाहेड़ा चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाए गए हैं, जिनका बुधवार को पोस्टमार्टम होगा। इधर देर रात जिला कलेक्टर आलोक रंजन, पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी निम्बाहेड़ा चिकित्सालय पहुंचे और घटना की जानकारी ली।

## Bihar

# कारोबारी को सिर में मारी गोली और पैसे लेकर चलते बने, सुबह-सुबह बिहार में मर्डर



**रामपुर, (एजेंसी)** रानीगंज-अररिया मार्ग पर रामपुर नहर के समीप बुधवार सुबह करीब सात बजे हथियार से लैस बाइक सवार तीन बदमाशों ने एक 40 वर्षीय युवा मवेशी व्यापारी को गोली मारकर हत्या कर दी। हत्या के बाद वो डेढ़ लाख रुपये लूटकर आराम से चलते बने। गोली मवेशी व्यापारी के सिर में मारी गई है। इससें मवेशी व्यापारी की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक मवेशी व्यापारी बाबू अख्तर पलासी थाना क्षेत्र के बरबन्ना गांव निवासी मोहम्मद सुलेमान का बेटा था।

घटना के संबंध में मृतक के पिता सुलेमान ने बताया कि वे अपने बेटे बाबू अख्तर, नुमान औऱ चचरे भतीजे अख्तर के साथ मैजिक वाहन से पलासी थाना क्षेत्र के बरबन्ना गांव से मवेशी खरीदने मधेपुरा जिले के सिंघेश्वर गांव जा रहे थे। इसी दौरान रानीगंज- अररिया मार्ग पर रामपुर नहर के समीप एक पल्सर बाइक पर सवार तीन बदमाशों ने आगे से घेरकर गाड़ी को रूकवाया। गाड़ी अख्तर का सगा भाई नुमान चला रहा था।

गाड़ी रुकते ही बाइक सवारों ने लूट की घटना को अंजाम देना चाहा। विरोध करने पर एक बदमाश ने बाबू अख्तर को सिर में गोली मार दी। इससे बाद मैजिक में रखे डेढ़ लाख रुपये लूटकर फरार हो गए। इधर गोली लगने के बाद खून से लथपथ घायल बाबू नुमान को परिजन इलाज के लिए रानीगंज रेफ़रल अस्पताल लेकर आए, जहां पर चिकित्सक ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।

## Jammu & Kashmir

# कुपवाड़ा में सुरक्षाबलों के शिविर के पास धमाके में दो महिलाएं जख्मी, विस्फोट की जांच में जुटी पुलिस

**श्रीनगर, (एजेंसी)** उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में मंगलवार को सुरक्षा बलों के एक शिविर के पास हुए धमाके में दो महिलाएं घायल हो गईं। महिलाओं की पहचान नाहिदा अख्तर और अफरोजा बेगम के रूप में हुई है, जो कुपवाड़ा के गुजरपति इलाके के चेक कीगाम की निवासी हैं। अधिकारियों ने बताया कि घायल महिलाओं को हंदवाड़ा के एक अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें उन्नत चिकित्सा देखभाल के लिए श्रीनगर के एक अस्पताल में रेफर कर दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस विस्फोट की प्रकृति और कारण की जांच कर रही है।



## Uttarpradesh

# पुलिसवाले बनकर दो युवकों का अपहरण, फिरौती के लिए पत्नी को किया फोन तो हुआ ये

**आगरा, (एजेंसी)** आगरा में ईदगाह बस स्टैंड के पास से रविवार को पुलिसवाले बनकर कार सवार दो युवकों को अगवा करके ले गए। परिजनों के पास पांच लाख रुपये फिरौती का फोन पहुंचा तो उनके होश उड़ गए। पुलिस को जानकारी देने पर उसने युवकों को चंगुल से मुक्त करा दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में मामला रुपये के लेनदेन के विवाद का निकला। मामले में चार लोगों के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज किया गया है।

टीला बालूगंज के विशाल सागर ईदगाह बस स्टैंड के पास सिम की केनोपी लगाते हैं। उसके बराबर में ही मदन कचौड़ी की ठेल लगाता है। विशाल के पास चार अगस्त की शाम को कार सवार दो युवक पहुंचे। खुद को पुलिसवाला बताते हुए पूछताछ के बहाने गाड़ी में बैठने को को कहा।




इस बीच मदन वहां आया तो उसे भी गाड़ी में बैठा लिया। इस बीच विशाल की पत्नी पूजा ने विशाल को फोन किया तो उसने बताया कि कार सवार खुद को कभी पुलिसवाला तो कभी सीबीआई वाला बता रहे हैं। उसे मथुरा की ओर लेकर जा रहे हैं। इसके बाद पत्नी को फिरौती की कॉल पहुंची।

## खेल

# श्रीलंका के खिलाफ वापसी करने उतरेगा भारत, दुबे की जगह रियान पराग को मिल सकता है मौका

**कोलंबो**। भारतीय टीम जब बुधवार को श्रीलंका के खिलाफ होने वाले तीसरे वनडे मैच में उतरेगी तो उसकी कोशिश पिछली हार को भुलाकर वापसी करने पर टिकी होगी। भारत ने श्रीलंका के खिलाफ 27 साल से कोई वनडे सीरीज नहीं हारी है और अगर टीम को इस रिकॉर्ड को बरकरार रखना है तो उसे तीसरे और अंतिम वनडे मैच में स्पिनरों के खिलाफ हावी होकर खेलना होगा। गौतम गंभीर की मुख्य कोच के रूप में यह पहली वनडे सीरीज है और वह निश्चित तौर पर हार के साथ शुरुआत नहीं करना चाहेंगे।



**भारत ने 1997 से श्रीलंका के खिलाफ जीती है 11 सीरीज-** भारत को श्रीलंका के खिलाफ आखरी बार वनडे सीरीज में हार का सामना 1997 में करना पड़ा था। अर्जुन रणतुंगा की अगुआई वाली टीम ने तब सचिन तेंदुलकर की भारतीय टीम को तीनों मैच में हराया था। भारत और श्रीलंका के बीच तब से 11 वनडे सीरीज हो चुकी है और इन सभी में भारतीय टीम विजयी रही। भारत वर्तमान सीरीज को नहीं जीत पाएगा क्योंकि पहला मैच टाई छूटने के बाद दूसरे मैच में उसे 32 रन से हार का सामना करना पड़ा था। अब उसकी निगाह सीरीज बराबर करने पर टिकी हैं।

**बल्लेबाजों का प्रदर्शन रहा था खराब -** भारत बल्लेबाजों के लचर प्रदर्शन के कारण इस स्थिति में पहुंचा है। आर प्रेमदासा स्टेडियम की पिच से स्पिनरों को काफी मदद मिल रही है और कप्तान रोहित शर्मा को छोड़कर भारत का कोई भी अन्य बल्लेबाज श्रीलंका के स्पिनरों का डटकर सामना नहीं कर पाया है। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली अभी तक दो मैच में 38 रन ही बना पाए हैं। उन्होंने आसानी से अपना विकेट गंवाया है जो टीम के लिए चिंता का विषय है। कोहली इस मैच में उसकी भरपाई करने की पूरी कोशिश करेंगे। कोहली को रोहित से मिली आक्रामक शुरुआत को ही आगे बढ़ाने की जरूरत है लेकिन अभी तक वह इसमें नाकाम रहे हैं। उन्हें संघर्षरत मध्यक्रम के बल्लेबाजों के साथ मिलकर पारी को संवारना होगा। इसके लिए उन्हें और अन्य बल्लेबाजों को रोहित की तरह स्पिनरों पर हावी होकर खेलना होगा।

**भारतीय बल्लेबाजों के लिए अबूझ पहली बन रहे श्रीलंकाई स्पिनर -** श्रीलंका के स्पिनर भारत के अन्य बल्लेबाजों के लिए भी अबूझ पहेली बने हुए हैं। स्पिनरों के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करने वाले शिवम दुबे पिछले मैच में जैफ्री वांडरसे की आसान लेग स्पिन को भी नहीं समझ पाए। श्रेयस अय्यर और केएल राहुल भी अभी तक श्रीलंका के स्पिनरों को खेलने में असफल रहे हैं। रोहित ने पिछले मैच में 44 गेंद पर 64 रन की धमाकेदार पारी खेली थी। श्रीलंका के स्पिनर उनके सामने नहीं चल पाए थे। भारत के अन्य बल्लेबाजों को भी अपने कप्तान से सीख लेने की जरूरत है।

## सिनेमा

# बांग्लादेश में गुस्साई भीड़ ने प्रोड्यूसर और फिल्म स्टार बेटे की पीट-पीटकर की हत्या, भारतीय बंगाली फिल्मों से भी था कनेक्शन



हिंसा की आग में जल रहे बांग्लादेश से एक दिल दहला देने वाली खबर आ रही है. बांग्लादेश के फिल्म प्रोड्यूसर सलीम खान और उनके बेटे शांतो खान को लिंच कर दिया गया है. सलीम खान एक प्रोड्यूसर होने के साथ-साथ बांग्लादेश के चांदपुर उपजिले में, लक्ष्मीपुर मॉडल यूनियन परिषद के चेयरमैन भी थे. रिपोर्ट्स में सामने आया है कि सोमवार, 5 अगस्त को सलीम और शांतो अपने घर से भागने की कोशिश कर रहे थे. तभी बलिया यूनियन के, फरक्काबाद बाजार में गुस्साई भीड़ उनके सामने आ गई. उन्होंने खुद को बचाने के लिए पिस्टल से गोलियां भी चलाईं, लेकिन पास ही के बगरा बाजार में उनका सामना फिर से भीड़ से हो गया. बताया जा रहा है कि वहां पर गुस्साई भीड़ ने सलीम और उनके बेटे शांतो की पीट-पीटकर हत्या कर दी. सलीम खान भारत की बंगाली फिल्म इंडस्ट्री टॉलीवुड से भी जुड़े हुए थे. उन्होंने टॉलीवुड के बड़े फिल्म स्टार्स में से एक देव के साथ एक फिल्म 'कमांडो' बनाई थी, जो रिलीज नहीं हुई. टाइम्स ऑफ इंडिया की एक रिपोर्ट के अनुसार, टॉलीवुड में सलीम की लगभग 10 फिल्में प्रोडक्शन के अलग-अलग स्टेज पर थीं और इनमें बड़े टॉलीवुड स्टार्स काम कर रहे थे. टॉलीवुड से जुड़े एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर अरिंदम की सोमवार को ही सलीम से बात हुई थी.

## Highlights

1. **Virat Kohli lookalike spotted amid Bangladesh protests**
2. **Petty mentality: AAP over 'no invite' in all-party meet on B'desh**
3. **Bengaluru metro expands with new depots to support growing fleet**
4. **Atishi to hoist flag on Aug 15 : Kejriwal writes to LG from jail**
5. **Vinesh Phogat's old 'Dear Haters' post goes viral after she reaches Olympic finals**

# How Warren Buffett cut losses with record cash reserve before stock market crash




**NEW DEIHI, (Agency).** Warren Buffett's Berkshire Hathaway faced losses worth approximately $15 billion on its major holdings amid a global stock market sell-off. But Warren Buffett's decision to amass substantial cash reserves by reducing stock market positions helped in cutting losses.

In the last quarter, Berkshire Hathaway had record $277 billion in cash reserves owing to a $76 billion stock sale. This cash pile was kept to be used during market volatility amid growing concerns over a potential US recession.

Read more: Foreign investors sell banks, power stocks worth over ₹11,000 crore, buying seen in this sector

What happened to Berkshire Hathaway's stock portfolio this week?

On Monday, Berkshire Hathaway's stock portfolio took a hit as its major holdings- Apple, Bank of America and Mitsubishi- saw sharp declines. This resulted in a substantial reduction in the company's overall valuation as shares in Berkshire Hathaway fell by over 3% bringing the company's market capitalisation down to $899 billion.

Berkshire's stakes in several Japanese companies, such as Mitsui, Marubeni and Sumitomo also saw a decline in the same period while hundreds of millions of dollars were wiped from holdings in American Express, Moody's and Kraft Heinz.

Berkshire Hathaway's Apple decision

Apple- one of Warren Buffett's largest investments- saw its share price drop by more than 7% which resulted in a $5.7 billion loss for Berkshire Hathaway. It was reported that Warren Buffett sold nearly half of its Apple stocks signaling his concern. There were also significant declines in other major tech stocks like Alphabet, Amazon, Meta, Microsoft, Nvidia and Tesla.

Despite the sell-off, some investors were seen buying like Blue Whale, an investment fund backed by billionaire Peter Hargreaves, purchased shares in Nvidia.

# Boeing's design plan to prevent future 737 MAX 9 door panel blowout

**NEW DEIHI, (Agency).** Boeing said on Tuesday it plans to make design changes to prevent a future mid-air cabin panel blowout like the one in an Alaska Airlines 737 MAX 9 flight in January that spun the planemaker into its second major crisis in recent years.

The National Transportation Safety Board and Boeing said they still have not determined who removed and reinstalled that plane's door plug during production. NTSB completed the first of two days of hearings Tuesday that lasted nearly 10 hours into the mid-air emergency that badly damaged Boeing's reputation, led to the MAX 9 grounding for two weeks, a ban by the Federal Aviation Administration on expanding production, a criminal investigation and the departure of several key executives. Boeing's senior vice president for quality, Elizabeth Lund, told the hearing the planemaker is working on design changes that it hopes to implement within the year and then to retrofit across the fleet to prevent a future incident. "They are working on some design changes that will allow the door plug to not be closed if there's any issue until it's firmly secured," Lund said. Investigators have said the door plug in the new Alaska MAX 9 was missing four key bolts.The hearings are reviewing key issues, including 737 manufacturing and inspections, safety management and quality management systems, FAA oversight, and issues surrounding the opening and closing of the door plug.



# बीफार्मा के छात्र ने फांसी लगाकर दी जान

## परिजन बोले-इंग्लिश पढ़ाने वाली ने ब्लैकमेल किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **बी.फार्मा के छात्र ने सुसाइड कर लिया। कोचिंग टीचर ने उसके खिलाफ मंगलवार को ही महिला थाने में रेप की शिकायत दर्ज कराई थी। स्टूडेंट के पिता का आरोप है कि 45 हजार रुपए दिए, तब पुलिस ने बेटे को छोड़ा। इसके बाद वह घर आकर खूब रोया और अपने कमरे में जाकर फांसी लगा ली।**

परिवार का यह भी कहना है कि कोचिंग टीचर बेटे को परेशान कर रही थी। उसने झूठे केस में फंसाने के कई धमकी भरे मैसेज भी किए थे। इनके स्क्रीन शॉट भी परिवार ने पुलिस को सौंपे हैं। पुलिस के मुताबिक, गौरव पिता राजू हाड़ा (19 साल) भागीरथपुरा का रहने वाला था। बी.फार्मा का स्टूडेंट था। मंगलवार रात को छोटी बहन ने उसे फंदे पर लटके देखा। इसके बाद पिता को सूचना दी। परिजन नजदीकी अस्पताल ले गए। यहां से एमवाय हॉस्पिटल भेज दिया गया, जहां डॉक्टरों ने गौरव को मृत घोषित कर दिया। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। इसके बाद आगे की कार्रवाई करेगी।

### कोचिंग की टीचर कर रही थी ब्लैकमेल

परिवार ने बताया, गौरव ने 11 महीने पहले इंग्लिश की निजी कोचिंग में पढऩे जाना शुरू किया था। यहां उम्र में तीन-चार साल बड़ी टीचर से उसका अफेयर हो गया। संबंध गहराने के बाद टीचर उसे अलग-अलग तरह से ब्लैकमेल करने लगी। वह गौरव को दूसरी लड़कियों से बात करने से रोकने-टोकने लगी। उससे कई बार हजारों रुपए लिए। पिता ने एक बार रुपए चुराते पकड़ा तो गौरव ने बताया कि टीचर उसे ब्लैकमेल कर रही है। उनका कहना है कि टीचर ने गौरव को रेप केस में फंसाने की धमकी दी। इंस्टाग्राम और वॉट्सऐप पर मैसेज किए। फिर गौरव की शिकायत करने थाने पहुंच गई।

**महिला थाने का घेराव करने की चेतावनी दी-** गौरव के परिजन का आरोप है कि दो महिला पुलिसकर्मियों ने मंगलवार को गौरव को धमकाया। उसके पिता से 45 हजार रुपए वसूले, तब जाकर छोड़ा। परिवार वालों ने गौरव को न्याय नहीं मिलने पर महिला थाने का घेराव करने की चेतावनी दी है।

**पुलिस बोली- रुपए लेने के आरोप झूठे-** दूसरी तरफ, महिला थाने की टीआई कौशल्या चौहान ने कहा, रेप की शिकायत का मामला थाने आया था। दोनों पक्षों ने समझौता कर लिया था। थाने में किसी भी पक्ष से पुलिस ने पैसे नहीं लिए हैं। आरोप झूठे हैं।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक